# रजिस्ट्री ऑफि स को मिलेगी दलालों से मुक्ति, अब घर बैठे होगी रजिस्ट्री

**मंत्री ओपी चौधरी ने दिए ये निर्देश**

रायपुर । आरएनएस



परिवहन और पंजीयन ऐसे विभाग हैं, जिसमें बिना दलालों के कोई काम नहीं होते। हालांकि, ट्रांसपोर्ट कमिश्नर बनने के बाद दीपांशु काबरा ने परिवहन के काम को काफी सारा ऑनलाईन कर दिया है। ट्रांसपोर्ट में अब बिना दलाल के भी काम कराया जा सकता है। बशर्ते अगर टाईम दिया जाए। लोगों की आदत दलालों से काम कराने वाली हो गई, इसलिए वे दलालों के पास चले जाते हैं। मगर पंजीयन विभाग आज भी दलालों के कब्जे में है। जमीन या घर, संपत्ति के पेपरों में इतना लोचा बनाकर रखा गया है कि बिना दलाल काम हो ही नहीं सकता। पूरा आफिस दलालों से भरा रहता है। बड़े बिल्डर हों या फिर आम आदमी, बिना दलाल रजिस्ट्री करा ही नहीं सकता। जबकि, दलालों को पंजीयन आफिस में इंट्री वैन है। रायपुर में एमके राउत कलेक्टर होते थे। वे एक बार पंजीयन आफिस का जायजा लेने गए। वहां दलालों की फौज को देखकर पूछे...कौन हैं ये लोग। उन्हें बताया गया रजिस्ट्री दलाल। नाराज होकर राउत ने दलालों की इंट्री बंद करा दी थी। मगर उनके बाद किसी कलेक्टरों को इन सब चीजों में दिलचस्पी रही नहीं। ये रायपुर का ही नहीं, पूरे प्रदेश का यही आलम है।

अब छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बनने के बाद पंजीयन आफिसों को ठीकठाक करने पर ध्यान दिया जा रहा है। मंत्री ओपी चौधरी ने अफसरों को दो टूक निर्देश दे दिया गया है कि रजिस्ट्री आफिस को दलालों से मुक्त करना है। उन्होंने अफसरों को रजिस्ट्री के लिए ऐसा आसान साफ्टवेयर बनाने के लिए कहा है कि जिससे आम आदमी को बिना रजिस्ट्री कार्यालय आए रजिस्ट्री हो जाए। मंत्री ने इसके लिए कुछ राज्यों में चल रही योजनाओं का भी अध्ययन करने कहा है। मंत्री के निर्देश के बाद पंजीयन विभाग के सचिव और महानिरीक्षक एक्शन मोड में आ गए हैं। कर्नाटक जैसे कुछ राज्यों ने पंजीयन सिस्टम में अच्छा काम किया है। वहां अफसरों की टीम भेजने की तैयारी की जा रही है।

घर बैठे रजिस्ट्री: मंत्री ओपी* चौधरी पंजीयन विभाग के मंत्री ओपी चौधरी ने एनपीजी न्यूज से बातचीत करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में घर बैठे रजिस्टी हो जाए, ऐसा प्रयास किया जा रहा है। आम आदमी को सुविधाएं मिले, इसके लिए विभाग में सुधार के लिए अनेक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं।

## एक करोड़ 80 लाख रुपए का अल्युमिनियम रास्ते से गायब

कोरबा । आरएनएस



बालको से निकला अल्युमिनियम गंतव्य पर नहीं पहुंचा। एक करोड़ 80 लाख रुपए का अल्युमिनियम रास्ते से गायब हो जाने के मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई।

रिपोर्टकर्ता बनी सिंह ईस्ट इंडिया ट्रांसपोर्ट एजेन्सी रायपुर में मैनेजर के पद पर काम करता है। रिपोर्ट दर्ज कराया है कि दिनांक 21ञ्च04ञ्च2024 को ट्रक नंबर जी.जे 12 बी एक्स 9094 के ड्रायवर जीत पटेल के द्वारा 29.280 ,म टी एल्युमिनियम ट्रक में लोड कर जिसका कीमत 8991742/- रूपये एवं दिनांक 22.04.2024 को ट्रक ह्लद्ध-ह्लद्य 17 ,ष्ठद्य ,ष्ठद्य 0542 के ड्रायवर अरविंद के द्वारा ट्रक में 29.334 ,द्र ङ्कद्ध एल्युमिनियम जिसका कीमत 9008325 रूपये को बालको प्लांट से एल्युमिनियम लोड कर ईस्टर लाईट पावर ट्रांसमिसन लिमिटेड सिलवासा गुजरात में एल्युमिनियम को खाली करने के लिए निकले है, जो आज तक वहां नहीं पहुंचे हैं। कम्पनी के लोगों को ऐसा पता चला कि उक्त दोनों ट्रकों के ड्रायवर जीत पटेल एवं अरविंद के द्वारा अपराधिक विश्वासघात करते हुए ट्रकों में लोड एल्युमिनियम को बालको प्लांट से ले जाकर सिलवासा डिलवरी करना था वहां न ले जाकर कंपनी के साथ विश्वासघात करते हुए अन्यत्र स्थान पर ले जाकर सदोष लाभ अर्जीत करने बिक्री कर दिया गया है। प्रार्थी के आवेदन पर बालकोनगर थाना में धारा 406 भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### 23 किसानों के एकाउंट से 1.84 करोड़ का गबन

**धमतरी-रायपुर (आरएनएस)।** जिले के कुरूद थाना क्षेत्र में एचडीएफसी बैंक के खाताधारक 23 किसानों के अकाउंट से 1 करोड़ 84 लाख रुपये गबन करने का मामला सामने आया है. इस मामले में पुलिस बैंक मैनेजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच में जुट गई है. मिली जानकारी के मुताबिक कुरूद के बाईपास रोड के पास स्थित एचडीएफसी बैंक संचालित है. जिसका मैनेजर श्रीकांत टेनेटि ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ मिलकर करीब 23 खाताधारक किसानों से उनके क्रेडिट कार्ड, ऋण पुस्तिका, समेत अन्य माध्यमों से विभिन्न तरह के लोन देने के नाम पर उनके खाते से पैसा निकाल लिए. ऑनलाइन रुपये निकालने की शिकायत खाता धारकों ने बैंक से की थी. जिसके बाद 8 मई को बैंक प्रबंधन ने कुरुद थाना में आवेदन दिया।

### धान खरीदी में फर्जीवाड़ा 10 लोगों पर मुकदमा हुआ दर्ज

**पिथौरा-रायपुर (आरएनएस)।** महासमुंद जिले के जाड़ामुड़ा धान खरीदी फर्जीवाड़ा में आज दस अन्य लोगों के नाम पर एफआईआर दर्ज किया गया है। धान खरीदी में फर्जीवाड़ा के आरोप में पहले ही समिति प्रबंधक उमेश भोई, दो ऑपरेटर मनीष प्रधान, मनोज प्राधान और एक किसान राम प्रसाद के खिलाफ बसना थाने में स्नढ्ढक्र दर्ज थी। बता दें, महासमुंद जिले में धान खरीदी में 2 करोड़ रुपए का फर्जीवाड़ा किया गया है। इस मामले में जोड़े गए 10 अन्य आरोपियों में संतलाल प्रधान, निराकार प्रधान, दासरथी प्रधान, बोदराम, मनोहर सहित अन्य लोगो के नाम शामिल हैं। बसना थाना प्रभारी शंशाक पौराणिक ने बताया कि, महासमुंद कलेक्टर ने मामले की गंभीरता को देखते हुए 19 / 2/024 को धान खरीदी के प्रभारी उमेश भोई और किसान राम प्रसाद बरीहा के खिलाफ एफआईआर के आदेश दिए गए थे, जिस पर बसना थाने मे एफआईआर दर्ज हुई और 5 सदस्य टीम गठित की गई थी। जिसके बाद मामले में जांच अधिकारियों के जांच प्रतिवेदन के बाद फर्जीवाड़े में शामिल 10 अन्य लोगों के नाम इस मामले में जुड़ गया है।

### पेट्रोल पंप में लूट का प्रयास, असफल होने पर कर्मी को मारा चाकू

**बिलासपुर-रायपुर (आरएनएस)।** सरकंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत पंप कर्मी के साथ चाकू की नोक पर लूटपाट करने का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी लिखित शिकायत माता चौरा पुराना सरकंडा निवासी कान्हा साहू ने सरकंडा थाना में दर्ज कराया है। जहां उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि रोज की तरह वहा शुक्रवार को भी सरजू पेट्रोल पंप में पैट्रोल डालने का काम कर रहा था। तभी सुबह अचानक निशांत और आनंद वहा पहुंचे और प्रार्थी के हाथ से पंप का पैसा लूटने लगे। जिन्हे मना करने पर उन्होंने प्रार्थी पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे प्रार्थी दाहिने हाथ के भुजा, और कलाई के उपर चोट लगी। इधर इस बीच आरोपी निशांत चाकू से वार कर वहां से भाग गया लेकिन उसका साथी आनंद को पंप के अन्य कर्मचारियो ने पकड़ लिया। इधर प्रार्थी को आनन फानन में साव नर्सिंग होम में प्राथमिक उपचार कराया गया। वही प्रार्थी की शिकायत के बाद सरकंडा पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### दो वारदातो में शामिल बदमाशों को कोर्ट ने सुनाई सज़ा

**रायपुर (आरएनएस)।** पहला मामला 2 मार्च 2023 का है। प्रियांशु अग्रवाल अपने दोस्तों के साथ चाय पीने के लिए शाम साढ़े 6 बजे के आसपास समता कॉलोनी स्थित चाय दुकान पर गया हुआ था। तभी वहां पर जोरा पारा का रहने वाला मोहन यादव अपने दोस्तों के साथ पहुंचा। तभी मोहन और प्रियांशु के बीच उधारी के पैसे को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद के दौरान मोहन ने कैंची से प्रियांशु पर अटैक कर दिया। इस घटना में प्रियांशु बुरी तरह लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया। इसके बाद आनन-फानन में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। इसके बाद आजाद चौक पुलिस ने 23 मार्च 2023 को कोर्ट में केस डायरी पेश की। गवाहों और सबूतों के आधार पर अब्दुल जाहिद कुरैशी ने आरोपी को उम्र कैद की सजा सुना दी।

## इंद्रावती टाइगर रिजर्व में दिखे 17 वनभैंसे, डीएनए टेस्ट कर शुद्धता जांचने की तैयारी

जगदलपुर । आरएनएस

छत्तीसगढ़ के राजकीय पशु वनभैंसे को लेकर बस्तर से बड़ी खबर मिली है। यहां इंद्रावती टाइगर प्रोजेक्ट में 17 वनभैंसे विचरण करते देखे गए हैं। इनकी तस्वीरें कैमरे में कैद भी हुई हैं। इन तस्वीरों ने वनभैंसों के संरक्षण की कोशिशों में जुटे वन विभाग को बड़ी राहत दी है।

उल्लेखनीय है कि, छत्तीसगढ़ में इनके संरक्षण को लेकर तमाम कोशिश में फेल हो गई हैं और अब इंद्रावती टाइगर प्रोजेक्ट में वनभैंसे देखे जाने के बाद अब इनके संरक्षण पर जोर दिया जा रहा है। माना जा रहा है कि, केवल छत्तीसगढ़ में इंद्रावती टाइगर प्रोजेक्ट में ही शुद्ध नस्ल के वन भैंसे बचे हुए हैं। लेकिन इसकी भी सीमा महाराष्ट्र-तेलंगाना के राज्यों से लगती है। ऐसे में इस बात की आशंका जरूर है कि, यह वन भैंसा संकट में तो नहीं हैं।

**17 वनभैंसों का झुंड देखा गया**

प्रजाति और नस्ल शुद्ध है या नहीं इसके परीक्षण के लिए अब सीएनबी के साथ वन विभाग इन वन भैंसे की शुद्ध नस्ल का डीएनए परीक्षण के जरिए पता लगाएगा। गौरतलब है कि,



इंद्रावती टाइगर प्रोजेक्ट बीजापुर जिले के अंतर्गत आता है और महाराष्ट्र के सीमाएं क्षेत्र में हाल ही में सैंड्रा और माड़ से लगे जंगलों में 17 वन भैंसे का झुंड देखा गया है। यह पहली बार है कि, इसका रिकॉर्ड दर्ज किया गया है। अब इन वन भैंसों के शुद्ध नस्ल की पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

**डीएनए परीक्षण विशेषज्ञों के लिए बड़ी चुनौती**

डीएनए परीक्षण के लिए सबसे बड़ी चुनौती नक्सल प्रभावित इलाके में इन वन भैंसे की नस्ल की जांच करना है और इसी के लिए वन्य प्राणी विशेषज्ञ सबसे शुद्ध नस्ल की पहचान के लिए हैदराबाद के सेंटर फॉर सेल्यूलर एंड मॉलेक्युलर बायोलॉजी लैब में इसके डीएनए की जांच कर अनुवांशिकी से संबंधित जानकारी जोड़ेंगे।

**चार राज्यों की समन्वित कार्ययोजना बनेगी**

सीसीबी लैब के विशेषज्ञ डॉक्टर ने हाल ही में इंद्रावती टाइगर रिजर्व में छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र के वन अधिकारियों के साथ समन्वित बैठक में एक कार्ययोजना तैयार करने की बात कही है। प्रदेश में कुल 37 वन भैसे हैं इनमें से 17 इंद्रावती टाइगर प्रोजेक्ट में पाए गए हैं। इनके सर्वाधिक शुद्ध नस्ल के होने का अनुमान है।

## मुठभेड़ में मारे गए नक्सलियों के शवों की होगी पहचान

बीजापुर-रायपुर । आरएनएस

शुक्रवार को गंगालूर थाना क्षेत्र स्थित पीडिया के जंगलों में पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारे गए 12 नक्सलियों के शवों को शिनाख्तगी के लिए बीजापुर लाया गया है। इन शवों के जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद बीजापुर के पुलिस लाइन में लाया जाएगा, जहां डॉक्टरों की टीम शिनाख्तगी की कार्रवाई करेगी।

दरअसल, गंगालूर क्षेत्र थाना अंतर्गत पीडिय़ा के जंगलों में माओवादियों के बडे कैडर पश्चिम बस्तर डिवीजन के एसजेसी लेंगू, माओवादी के लीडर पापाराव, दरभा डिवीजन सरंष्ट चैतू, वेल्ला सहित कई बड़े लीडरों की आसूचना थी। इस पर दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिले से डीआरजी, सीआरपीएफ, कोबरा और बस्तर फाइटर के लगभग 1200 जवानों को एंटी नक्सल ऑपरेशन प्लान कर भेजा गया था। शुक्रवार की सुबह की तडक़े 6 बजे से पीडिय़ा के जंगलों में ये मुठभेड़ चालू हुई, जो लगभग शाम होते 6.30 बजे समाप्त हुई।इलाके में सर्चिंग के दौरान 12 नक्सलियों के शवों के साथ बड़ी मात्रा में हथियार और नक्सली साहित्य बरामद किया गया। पूरे घटनाक्रम पर बस्तर आईजी पी.सुंदरराज, डीआईजी कमलोचन कश्यप सहित तीन जिलों के एसपी सहित पुलिस के बड़े अधिकारी नजर बना हुए थे।

## 80 साल की उम्र में 2-84 मीटर जंप लगाकर जीते मेडल

**43वीं नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में किया जिले का प्रतिनिधित्व**

**कोरबा (आरएनएस)।** 80 वर्ष आयु के बुजुर्ग दृश्य मन में आते हे ही निश्शक्त व्यक्ति की तस्वीर सामने आ जाती है, लेकिन इस अवधारणा को बुजुर्ग बीएल राय ने मिथक साबित किया है। उन्होने हाल ही में मास्टर एथलेटिक्स आफ महाराष्ट्र द्वारा विद्या विहार पूर्व मुंबई में 43वीं नेशनल मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शामिल होकर मैन 75 प्लस में लांग जंप में भाग लिया। राय ने लांग जंप में 2.84 मीटर जंप लगाकर चैंपियनशिप में दूसरे स्थान पर रहे। जिसके लिए उन्हें सम्मानित किया गया। शहर के एमपीनगर निवासी राय बालको के सेवानिवृत्त कर्मी व सृष्टि मेडिकल कालेज में स्पोट्र्स टीचर तथा बालको सेवानिवृत्त मैत्री संघ के सदस्य हैं। 80 वर्षीय राय में खेल के प्रति आज भी जुनून है। जहां कहीं भी मास्टर एथलिट आयोजित होती है वहां वे भाग लेने पहुंचते हैं। मुंबई में आयोजित प्रतियोगिता में जहां हर उम्र व आयु वर्ग के करीब ढाई हजार से अधिक खिलाड़ी देशभर से पहुंचे थे। वहीं वेटरन खिलाड़ियों की संख्या भी कम नहीं थी। छत्तीसगढ़ से संभवत: वे एकलौते खिलाड़ी थे जिन्होंने इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मेडल जीतने में सफल रहे। राय ने बताया कि अगले जून में अयोध्या में मास्टर एथलीट आयोजित होने वाली है जिसमें भाग लेने की तैयारी में जुटे हुए हैं। मेडल जीतकर वापस लौटने पर एमपीनगर कालोनी में रहने वाले बालको सेवानिवृत्त मैत्री संघ के पदाधिकारियों ने उनका सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व भी कई गोल्ड व सिल्वर मेडल जीत चुके हैं। बालको से सेवानिवृत्त होने के बाद वे खेल शिक्षक के रूप में विभिन्न निजी शिक्षण संस्थाओं में सेवाएं देते रहे हैं।

## जिला प्रशासन द्वारा सारंगढ़ में किया गया दिव्यांग जनों के लिए विशेष शिविर

सारंगढ़ बिलाईगढ़

जिला प्रशासन के पहल पर समाज कल्याण विभाग द्वारा स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से माह के दूसरे शनिवार को दिव्यांगजनों के विशिष्ट पहचान पत्र यूडीआईडी के प्रमाणीकरण हेतु जिला मेडिकल बोर्ड के विशेषज्ञ चिकित्सक दल द्वारा सिविल अस्पताल सारंगढ़ में

मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिला स्वास्थ्य प्रशासन ने मितानिन के माध्यम से दिव्यांग जनों को शिविर के संबंध में सूचित किया था। "सक्षम शनिवार" की थीम पर इस विशेष शिविर में आए हुए दिव्यांगजनों का आंकलन सह प्रमाणीकरण कराया गया, जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांग और उनके परिजन उपस्थित थे। परिजनों ने जिला प्रशासन के इस शिविर आयोजन की तारीफ की।



सराहनीय योगदान

दिव्यांग शिविर में हड्डी रोग के विशेषज्ञ डॉक्टर दिनेश पटेल, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मीना पटेल, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अशोक अग्रवाल, नाक कान गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनूप अग्रवाल, ऑडियो मेट्री टेक्नीशियन चक्रधर पटेल सहित मेडिकल स्टाफ, उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर अवधेश पाणिग्रही, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राम लाल सिदार, डॉक्टर बी पी साय का इस शिविर में हमेशा सराहनीय योगदान रहा है।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला मेडिकल बोर्ड शिविर में कुल पंजीयन 120 और यूडीआईडी चिन्हित 117

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला मेडिकल बोर्ड शिविर में कुल पंजीयन 120 और 117 यूडीआईडी चिन्हित हुए। "सक्षम शनिवार" की थीम पर इस विशेष शिविर में आए हुए दिव्यांगजनों का आंकलन सह प्रमाणीकरण अंतर्गत दृष्टि बाधित के 23, अस्थिबाधित 54, मानसिकमंद 02, श्रवणबाधित 20, सिकिल सेल 16, सेरेब्रल पाल्सी 02 के यूडीआइडी जांच किया गया।

## पास्टर ने जहर खाकर की आत्महत्या, दो लोगों को दिया था 11 लाख

**कर्ज लेने वाले उल्टे धमका रहे थे, सुसाइड नोट लिख दे दी जान**

**मौत को गले लगाने से पहले आडियो रिकार्डिंग भी किया**

कोरबा । आरएनएस

कुसमुंडा थाना क्षेत्र के जाटा गांव निवासी पास्टर रमाशंकर पाटले ने अपने दो परिचित को 11 लाख रूपये देना पास्टर के लिए मौत का कारण बन गया। दोनो ने राशि वापस नहीं की, बल्कि झूठे मामले में फंसा पुलिस केस करने की धमकी देकर प्रताडित किया। पास्टर ने सुसाइट नोट लिख व आडियो संदेश में दोनों व्यक्ति पर आरोप लगाने आत्महत्या करने जहर सेवन कर लिया। उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, पर उसे बचाया नहीं जा सका।

जानकारी के अनुसार क्रिश्चियन समाज के पास्टर ग्राम जाटा निवासी रमाशंकर पाटले ने जहर का सेवन कर लिया। उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। उनकी हालत गंभीर होने पर निजी अस्पताल से जिला अस्पताल भेज दिया गया। जहां उपचार के दौरान रमाशंकर की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई के बाद शव पोस्टमार्टम करा अंतिम संस्कार के लिए स्वजनों को सौंप दी। मामला उस वक्त गंभीर हो गया, जब पास्टर का आडियो व सुसाइट नोट सामने आया। उन्होंने सुसाइट नोट में ग्राम चटाईनार बांकीमोंगरा निवासी रंजीत कुमार रात्रे पर पांच लाख रूपये तथा शरद मसीह निवासी रविशंकर नगर, आफिस निहारिका रोड पर छह लाख रूपये लेने की बात लिखी है। पत्र में लिखा है रंजीत ने किसी कार्यवश उक्त राशि ली थी, लेकिन वापस नहीं कर रहा। राशि मांगने पर थाना में केस करने की धमकी दे रहा था। बाद में कटघोरा थाना में शिकायत किया] इस पर पुलिस ने मुझे थाना में बुला कर बैठाया। वह उल्टे मेरे से रकम मांगने लगा। इसी तरह शरद मसीह भी राशि वापस लौटाने के नाम पर टालमटोल कर रहा था और जेल भेजने की धमकी दे रहा था। इससे मैं काफी परेशान हो गया हूं और आत्महत्या के सिवाय मेरे पास कोई रास्ता नहीं रह गया है। इसलिए जहर सेवन कर आत्महत्या कर रहा हूं। इसके साथ ही पास्टर ने जहर सेवन कर लिया। घटना की जानकारी स्वजनो को हुई, तब उन्होंने अस्पताल पहुचांया।

रमाशंकर ने सुसाइट नोट में यह भी लिखा है कि अगर रंजीत कुमार पांच लाख व शरद मसीह छह लाख रुपये वापस कर देते हैं। तो उनके विरूद्ध कोई केस न बनाया जाए। साथ यह भी कहा कि यदि दोनों मेरा पैसा वापस नहीं करते हैं, तो उनके विरूद्ध केस बनाया जाए,क्योंकि दोनों मेरी मौत के जिम्मेदार होंगे।

## सलाह : पशुओं को छांव में रखें और आटा, रोटी, चावल नही खिलाएं

**गर्मियों के दौरान उगाई जाने वाली ज्वार बिना सिंचाई के पशुओं के लिए है जहरीला चारा**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** पशुपालकों को भीषण गर्मी में पशुओं को धूप में रस्सी से बांधने से बचना चाहिए। किसी कारणवश धूप में बिना चारा पानी के बांधकर भूल जाने से अप्रिय स्थिति निर्मित हो सकती है। संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं छत्तीसगढ़ ने सभी जिलों के प्रभारी पशु चिकित्सा अधिकारियों को पशुधन के ग्रीष्मकालीन प्रबंधन पर निर्देश सहित



पत्र जारी किया है। जारी निर्देश अनुसार पशु गृह में हवा का मुक्त आवागमन सुनिश्चित कर पशुओं को सीधी को धूप से बचने के लिए पशुशाला के मुख्य द्वार पर खस या जूट की बोरियों के पर्दे लगाने चाहिए। पशुओं को गर्मी से बचाने के लिए पशु शाला में पंखे, कूलर और स्प्रिंकलर सिस्टम लगाये जा सकते हैं। यह दुधारू पशुओं के लिए उपयुक्त है। पशु शाला में पर्याप्त स्वच्छ पेयजल हमेशा उपलब्ध हो और यह पेयजल छांव में होना चाहिए। पानी और पानी के कुंड को हमेशा साफ रखें। पानी के कुंड की नियमित रूप से चुने से सफाई करनी चाहिए। पशुओं में लू लगने पर पशु चिकित्सक से परामर्श लें।

**पशु आहार खिलाने में सावधानी-** पशुओं को कार्बोहाइड्रेट युक्त भोजन जैसे आटा, रोटी, चावल आदि नही खिलाएं। संतुलित आहार के लिए अनाज और चारे का अनुपात 40 : 60 रखें। गर्मियों के दौरान उगाई जाने वाली ज्वार में जहरीले पदार्थ हो सकते हैं, जो जानवरों के लिए हानिकारक हो सकते हैं इसलिए वर्षा के अभाव में ज्वार की फसल को पशुओं को खिलाने से पहले दो-तीन बार सिंचाई करना आवश्यक है।

**मौसमी बीमारी की रोकथाम हेतु पशुओं को टीका लगवाएं-** पशुओं में बरसात के मौसमी बीमारियों की रोकथाम हेतु गर्मी में एचएस, एफएमडी, बीक्यू आदि के टीके लगवाने चाहिए।

**अधिकारियो को निर्देश-** पत्र में अधिकारियो को निर्देश दिया गया है कि पशु शाला के खुले क्षेत्र के आसपास छायादार पेड़ लगाए, जो तापमान को कम करने में सहायक होते हैं। अपने क्षेत्र में चारे की पर्याप्त व्यवस्था और उपलब्धता तथा पशुओ हेतु पेयजल की उपलब्धता स्थानीय निकाय से समन्वय बनाकर सुनिश्चित करें। जिले के सभी पशु चिकित्सा संस्थानों में जीवन रक्षक औषधि का भंडारण सुनिश्चित करें।

उल्लेखनीय है कि जारी पत्र में भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड और छत्तीसगढ़ शासन राजस्व विभाग का प्रबंधन के पत्र का हवाला दिया गया है, जिसमें पशुओं को ग्रीष्मकालीन अवधि में बचाव हेतु आवश्यक कार्रवाई हेतु निर्देश दिया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।
पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU